**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-30 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| **30 (क)** क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर, विकास खण्ड-मिश्रिख के अन्तर्गत हरीपुर से टिकरा सम्पर्क मार्ग तक 640मी0 रास्ता अत्यन्त खराब है मार्ग खराब होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है? | प्रश्नगत सम्पर्क मार्ग की कुल लम्बाई 655 मी० है, जिसके 355 मी० भाग में ग्राम पंचायत द्वारा खडन्जा लगाया गया था। जल जीवन मिशन द्वारा पाइप लाइन बिछाये जाने के कारण उक्त खडन्जा कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया है जिसकी मरम्मत का कार्य जल जीवन मिशन द्वारा कराया जाना है। उक्त के अतिरिक्त शेष 300 मी० लम्बाई में मार्ग कच्चा पाया गया, जिसके निर्माण में मु0 07.50 लाख (सात लाख पचास हजार) व्यय होने का अनुमान है। उक्त कार्य को जिला पंचायत, सीतापुर की कार्य योजना में सम्मिलित किये जाने हेतु जिला पंचायत की आगामी बोर्ड बैठक के विचारार्थ/ स्वीकृतार्थ रखा जायेगा। मा0 सदन द्वारा लिये गये निर्णयानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। |
| **(ख)** यदि हॉ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु सड़क का निर्माण करायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| **(ग)** यदि हॉ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| **(घ)** यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ओम प्रकाश राजभर**
**मंत्री।**